दिनांक 15.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने नगरीय प्रशासन विकास विभाग छ0ग0 शासन द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निपटारा हेतु दिये गये अंतिम तिथि 14 सितम्बर को दृष्टिगत् रखते हुए अनुकंपा नियुक्ति की संपूर्ण कार्यवाही कर निर्धारित तिथि में स्थापना शाखा द्वारा निगम में कार्यरत् 06 कर्मचारियों के मृत्यु उपरान्त उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने आदेश प्रसारित किया जिसके तहत् अविनाश चन्द्राकर पिता स्व. अश्वनी चन्द्राकर, डोमन कुमार पिता स्व. राजाराव, नितेश खाब्रागड़े पिता स्व. किशोर खोब्रागड़े, नरेन्द्र कुमार अवचत माता स्व. श्रीमती वत्सला अवचत, प्रियंका राव स्व. पूर्णाचन्द राव, विरेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. चक्रधर साहू को के0एल0 चौहान आयुक्त, उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने अनुकंपा नियुक्ति का आदेश प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर निगम भिलाई के स्थापना शाखा, जनसम्पर्क विभाग, स्टेनो कक्ष, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी

दिनांक 15.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ डेंगू के रोकथाम के लिए निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में चलाये जा रहे साफ–सफाई कार्य एवं दवाई छिड़काव कार्य का शनिवार को आयुक्त के0एल0 चौहान ने शहीद कौशल वार्ड हूडको के दक्षिण भाग वार्ड 69 में पहूंचकर मौका मुआयना किया। उन्होंने टीम के साथ घर–घर सर्वे कर घर के टंकियों में इस्तमाल किये जाने वाले पानी की जांच की एवं तीन दिन से अधिक रखें जलभराव बर्तन का जांच कर लोगों को समझाईस दी। इसी दौरान एक घर के ड्रम में जमे पानी को देखकर आयुक्त ने घर मालिक को बुलाकर पानी में डेंगू के लार्वा को पनपने से रोकने के उपाय बताते हुए घर मालिक से खाद्य तेल डालकर दिखाया कि पान और हवा के बीच में तेल का लेयर फैलने से डेंगू के मच्छर का लार्वा को इसमें आक्सीजन नहीं मिल पायेगा और वह स्वतः नष्ट हो जायेंगे।

जनसम्पर्क अधिकारी